परियोजना का नाम–जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र जागेश्वर के अन्तर्गत जाख से गणाऊ–दाडमी तक मार्ग का निर्माण। लम्बाई– 5.00कि0मी0

संलग्नक सं0–2.1

## प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एव आवश्यकता

यह प्रस्तावित मोटर मार्ग भनोली–जैती मोटर मार्ग के कि0मी0 25.00 से राज्य योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित किया गया है। इसमोटर मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0 815/ III(2)/14–57(प्रा0आ0)/13 दि0 08.02.2014 के द्वारा 5.00 किमी0 की लम्बाई हेतु रू 39.08 लाख की स्वीकृति प्राप्त है। यह मोटर मार्ग सिविल बेनाप, व नाप भूमि से गुजरता है। ग्राम– गणाऊ व दाडमी में कोई भी मोटर मार्ग न होने के कारण यह मोटर मार्ग बनना प्रस्तावित किया गया है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों को अस्पताल, बाजार व स्थानीय उत्पादों को बाजार पहुॅचाने की सुविधा प्राप्त होगी। ग्राम– गणाऊ व दाडमी में मोटर मार्ग न होने के कारण स्थानीय लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों का पलायन रूकेगा। ग्राम– गणाऊ व दाडमी में प्रस्तावित मोटर मार्ग के बनने से पर्यटन को बढावा मिलने की भी संभावना है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोग काफी लाभान्वित होंगे। अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित मार्ग उपयुक्त है।

**संरेखण न0–1(लाल रंग से):–** इस संरेखण को नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में सिविल वन भूमि एवं नाप भूमि प्रभावित होती है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 5.00 कि0मी0 आती है।

**संरेखण न0–2(नीले रंग से):–** इस संरेखण को नक्शे में नीले रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में सिविल वन भूमि एवं नाप भूमि प्रभावित होती है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 5.00 कि0मी0 आती है।

इस संरेखण में वन भूमि अधिक प्रभावित हो रही है। जिसे मोटर मार्ग हेतु दिये जाने में स्थानीय जनता द्वारा आपत्ति की जा रही है एवं संरेखन में अधिक वृक्ष प्रभावित हो रहे है। यह संरेखण तकनीकी दृष्टि से भी उचित प्रतीत नही होता है। जिस कारण संरेखण सं0 2 को निरस्त किया गया।

अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता, ढाल न्यूनतम वृक्षों की क्षति तथा आर्थिक व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुऐ संरेखण सं0 1(लाल रंग से) उपयुक्त पाया गया है इसी संरेखण पर मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा। तद्नुसार ही वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन किया गया है। अतः लो0नि0वि0 के पक्ष में वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रस्तुत है।

| | | |
|---|---|---|
| अमीन<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा | अपर सहायक अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा | सहायक अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा |

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा